# अनेकता में एकता का भाव जागरण कर एक सूत्र में पिरोने का आह्वान

## जिले के विभिन्न स्थानों पर हुए हिंदू सम्मेलन, नगर में राज राजेश्वरी मंदिर पर हुआ विराट हिंदू सम्मेलन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 28 दिसम्बर।** शिवपुरी जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन भी किया जा रहा है। रविवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार को शिवपुरी नगर में राज राजेश्वरी मंदिर पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके अलावा बदरवास के अगरा में, रन्नौद मंडल पिछोर, नरवर के मंडल सुनारी में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। इस दौरान राज राजेश्वरी मंदिर पर जो हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ उसमें वक्त के रूप में डॉ गोविंद सिंह, बदरवास अगरा में वक्त के रूप में मनीष उपाध्याय, रन्नौद में वक्ता के रूप में मनु जैन मौजूद रहे।

इन सम्मेलनों में समाज के प्रमुखजनों के अलावा संतगण मौजूद रहे जिनके द्वारा सामाजिक एकता का भाव प्रदर्शित किया। हिंदू सम्मेलन में सनातन संस्कृति पर जोर दिया गया। इस मौके पर अनेकता में एकता का भाव जागरण कर संपूर्ण मानव समाज को एक सूत्र में पिरोने का आह्वान किया। इन हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं ने हिंदू एकता पर बल दिया गया। सम्मेलन में समाज की सामूहिक शक्ति के प्रकटीकरण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता, राष्ट्रहित और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। सम्मेलन के दौरान धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा की गई, जिससे उपस्थित लोगों में जागरूकता का भाव देखने को मिला। आयोजन स्थल को भगवा ध्वजों और बैनरों से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।

# शिवपुरी जिला पिकल बाल एसोसिएशन का गठन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 28 दिसम्बर।** जिले में खेल गतिविधियों का जैसे-जैसे ग्राफ बढ़ता जा रहा है वैसे ही उसे कड़ी में एक कड़ी और जुड़ी है। जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और पिंग-पोंग का मिश्रण है। यह खेल बैडमिंटन के आकार के कोर्ट पर कम ऊंचाई वाले नेट के साथ खेला जाता है, जिसमें पैडल और छिद्रित प्लास्टिक की गेंद का उपयोग किया जाता है। इसमें किचन (नॉन-वॉली ज़ोन) और अंडरहैंड सर्व जैसे अनूठे नियम है, जो इसकी सुलभता, सामुदायिक भावना और तीव्र वैश्विक विकास पर जोर देते है। इस खेल की गतिविधियों को गतिशीलता प्रदान करने के लिए एसोसिएशन का गठन किया गया है जिसमें जिला पिकल बॉल एसोसिएयान जिला शिवपुरी की गठित कार्यकारिणी के मुख्य संरक्षक कलेक्टर रविंद्र सिंह चौधरी होंगें जिन्होंने शिवपुरी क्लब में पहले एक्रेलिक पिकल बॉल कोर्ट की नींव रखी। इसके साथ ही एसोसिएशन की संरक्षक श्रीमती गीता दीवान, अध्यक्ष अभिजीत सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जैन (मुन्नू), उपाध्यक्ष अर्जुन साहू, सचिव निखिल चौकसे, सह सचिव अमन चौधरी, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र रसानिया का मनोनयन किया गया है एवं समिति के सदस्य के रूप में माधवी राठौर, आर्यन अवस्थी, देवस्य मिश्रा ,अविनाश सक्सेना रहेंगे। एसोसिएशन की कार्यकारिणी सदस्यों को मध्यप्रदेश पिकल बॉल संघ के सभी सदस्यों ने एवं शिवपुरी के सभी खेल प्रेमी बंधु एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सभी सदस्यों को बधाइयां एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**अभिजीत सेंगर बने अध्यक्ष, निखिल चौकसे सचिव व उपाध्यक्ष होंगें अर्जुन साहू**

# साप्ताहिक जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार में लोगों ने खरीदे जैविक सब्जी एवं फल





**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 28 दिसम्बर।** जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा शिवपुरी शहर की पुरानी अनाज मंडी में साप्ताहिक जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार का रविवार को लगाया गया। जिसमें जिले के विकासखण्डों से किसानों द्वारा अपनी जैविक एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित उत्पादों सामग्री जैसे सब्जियां, फल एवं खाद्यान्न आदि सामग्री की दुकानें आमजन के लिए लगाई गई। साथ ही सृजन एनजीओ एवं एसआरएम विभाग के द्वारा भी जैविक किसानों की सहभागिता हाट बाजार में की।

नगर के लोगों एवं विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा भी इन जैविक एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित उत्पादों को सुभल तरीके से क्रय करने के लिए उत्साह दिखा। हाट बाजार में इस रविवार को लगभग 53 किसानों के द्वारा अपनी जैविक उपज को विक्रय हेतु दुकाने लगाई, जिसमें उन्होंने अपने सामान का विक्रय कर लगभग 65 हजार 360 रुपए की राशि अर्जित की। उप संचालक कृषि सह परियोजना संचालक आत्मा पान सिंह करोरिया द्वारा हाट बाजार में सहभागिता करने वाले किसानों को जैविक उत्पाद के विक्रय के लिए उपलब्ध कराये गये जैविक हाट बाजार के बारे में विस्तृत अवगत कराया एवं किसानों से सब्जियों क्रय की। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मुकेश कुमार भार्गव द्वारा भी किसानों से जैविक खाद्यान्न सामग्री क्रय की और आने वाले किसानों को इस बाजार के फायदे बताये। शहर के आमजन में भी इस बाजार के प्रति उत्साह दिखा।

# अटल जी की स्मृतियों से गुलजार हुआ भाजपा कार्यालय

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 28 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के गौरव, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पावन स्मृति में जिला स्तर पर सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर महिला मोर्चा द्वारा एक भव्य रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और बच्चों के उत्साह ने वातावरण को अटलमय बना दिया।

**सेवा सप्ताह के तहत महिलाओं ने उकेरी रंगोली, बच्चों ने दिखाई चित्रकारी**



**रंगों और कला के माध्यम से दी श्रद्धांजलि:** प्रतियोगिता में महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता से परिसर को मनमोहक रंगोलियों से सजाया, वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने महापुरुषों और राष्ट्रभक्ति के चित्रों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस रंगोली प्रतियोगिता में अर्चना ओझा ने प्रथम, पुष्प लता ने द्वितीय और नीतू बाथम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में आस्था गर्ग प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि खुशी शिवहरे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कनक शिवहरे और भूमि राठौर रहीं।

**कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति:** इस अवसर पर उपाध्यक्ष हेमंत ओझा, केपी परमार, मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाह विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही राधा ओझा, शैलजा लवंगीकर, जनपद अध्यक्ष हेमलता रावत, सोमवती यादव, शुभ्रा शर्मा, प्रशांत राठौर, अर्चना चतुर्वेदी, मुन्नी शर्मा, साधना शिवहरे, रजनी शिवहरे, नीलम चंदेल, बबीता जाटव, मिथिलेश ओझा और रुक्मणी ओझा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### अटल जी का जीवन ही हमारे मार्गदर्शक : शिवहरे

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा शिवहरे ने कहा श्रद्धेय अटल जी का व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणा का पुंज है। भाजपा द्वारा उनकी स्मृति में मनाया जा रहा सेवा सप्ताह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उनके अंत्योदय के संकल्प को दोहराने का माध्यम है। आज की इन प्रतियोगिताओं के जरिए हमारी मातृशक्ति और आने वाली पीढ़ी को अटल जी के विचारों और भारतीय संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया गया है। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने संबोधित करते हुए कहा अटल जी ने राजनीति में मूल्यों और सिद्धांतों की जो आधारशिला रखी, आज भाजपा उसी पर अडिग है। सेवा सप्ताह के माध्यम से हम समाज के हर वर्ग तक पहुँच रहे हैं। बच्चों और महिलाओं की यह सहभागिता दर्शाती है कि अटल जी आज भी हर भारतीय के हृदय में जीवित हैं। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

# पिछोर को एक नंबर की विधानसभा बनाएंगे : विधायक प्रीतम लोधी

## अटल बिहारी वाजपेई जनशताब्दी तथा भाजपा सरकार की दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी/पिछोर 28 दिसम्बर।** जिले के पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा गत दिवस पिछोर रेस्ट हाउस पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जनशताब्दी वर्ष के उपलक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी की मोहन सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विधानसभा क्षेत्र 26 के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष,महामंत्री विधायक प्रतिनिधि,सांसद प्रतिनिधि तथा महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी सहित बूथों के त्रिदेवो, पदाधिकारीयों के बीच एक बैठक आयोजित की गई। विधायक द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि हम किस्मत वाले हैं कि हमें मोहन यादव जैसी सरकार मिली है और मोदी जैसा नेतृत्व करने वाला प्रधानमंत्री मिला है। जिनके नेतृत्व में हम पिछोर विधानसभा को विकास में कभी भी पीछे नहीं छोड़ेंगे और अपनी पिछोर विधानसभा को नंबर एक बनाकर ही रहेंगे। विधायक नें एसआईआर के बारे में विस्तार से चर्चा कर जानकारी देते हुए कहा है कि अभी एक माह और इस कार्य को किया जाना है, जिस पर हमें ध्यान देकर इस कार्य को निष्पक्षता के साथ सहयोग करना है!जहां पर लगभग 9000 जो नाम काटे गये हैं, बह बाहर के थे, जो नाम लिखवाकर यहां सिर्फ बोट डालनें आते थे,कुछ नाम जो अभी भी फर्जी हो, उन पर ध्यान देकर हटबाने का काम कराएं। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सोनू बिरथरे ने विधायक की तारीफ करते हुए कहा है कि विधायक प्रीतम सिंह की लोकप्रियता के चर्चे सभी जगह होते हैं,जब कभी चुनाव लडने की बात आती है,तो लोगों का कहना होता है,कि प्रीतम सिंह कमल के फूल पर चुनाव लड़े जिससे हमें भी लाभ होता है,बिरथरे नें कहा है कि चाहे शिवपुरी हो, करेरा हो या कोलारस,अशोकनगर या दतिया सभी जगह उनकी लोकप्रियता का लाभ मिलता है। बहीं सांसद प्रतिनिधि हरवीर सिंह रघुवंशी ने कहा कि पिछोर विधायक का नाम जनहित के मुद्दों के नाम से हमेशा चर्चा में रहता है! कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री मुकेश पंसारी द्वारा

# जिला कांग्रेस पार्टी ने मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 28 दिसम्बर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्थापना दिवस के अपर जिला मुख्यालय स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय शिवपुरी पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल के निर्देशन में पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस परिवार के साथियों के साथ पार्टी का ध्वज फहराया गया। इस अवसर वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया जब हमें कांग्रेस के मूल विचारों, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है, हमारा लक्ष्य है कि संविधान की भावना के अनुरूप हर वर्ग को न्याय मिले और देश प्रगति के मार्ग पर एकजुट होकर आगे बढ़े। कांग्रेस पार्टी के इस स्थापना दिवस पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय सिंह चौहान, अनिल उत्साही शर्मा, राजेंद्र गुर्जर, चंद्रकांत शर्मा, सतीश धाकड़, नपा नेता प्रतिपक्ष शशि शर्मा, शिवानी राठौर, कल्पना सिनोरिया, लक्ष्मण रावत, कालीचरण शर्मा, अशोक बेडयिां, वीरेंद्र खटिक, के के शिवहरे, हरीश खटिक, राजकुमार शाक्य, संजय चतुर्वेदी, मानसिंह तोमर, ब्रज गौतम, लक्ष्येंद्र शर्मा, भूपेन्द्र सिकरवार,टिंकल रजक, नरेन्द्र शर्मा, कामिलउद्दीन, अशोक खटीक आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# पंचकल्याणक महामहोत्सव के आयोजन के लिए तैयारियां तेज




**दिनेश कुमार झा**
**खनियाधांना 28 दिसम्बर।** आगामी पंचकल्याणक महामहोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर तीर्थोदय गोलाकोट जी तीर्थ क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन की रूपरेखा, उद्देश्य, व्यवस्थाएँ एवं इसके आध्यात्मिक संदेश पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

भानु जैन, पत्रकार एवं मीडिया प्रभारी, तीर्थोदय गोलाकोट जी ने आगामी पंचकल्याणक महामहोत्सव के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राचीन भगवान आदिनाथ की प्रतिमा अत्यंत मनोहक एवं अतिशयकारी है, जो लगभग तीन हज़ार वर्ष प्राचीन है। वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शांति कुमार जैन, पूर्व आईपीएस (डीजीपी) एवं अध्यक्ष, तीर्थोदय गोलाकोट जी ने कहा कि कई वर्षों पूर्व जब वे इस तीर्थ क्षेत्र में पहली बार आए थे, तब यहाँ कोई भव्य संरचना नहीं थी। उस समय मात्र एक टीन शेड के नीचे प्रतिमा जी विराजमान थीं। आज प्रभु आदिनाथ भगवान के आशीर्वाद से यह तीर्थ क्षेत्र जिस स्वरूप में विकसित हुआ है, वह श्रद्धा, सेवा और समर्पण का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने इसे प्रभु की इच्छा से प्राप्त सौभाग्य बताया। वहीं आगे उन्होंने बताया कि इस पंचकल्याणक महामहोत्सव में पूरे देश और विदेश से लाखों लोगों के आगमन की संभावना है।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पूज्य श्री 108 सुधासागर जी महाराज का मंगल आगमन 31 दिसंबर 2025 को गोलाकोट जी तीर्थ क्षेत्र में होने जा रहा है, जिनके पावन सान्निध्य में पंचकल्याणक महामहोत्सव का आयोजन संपन्न होगा। राकेश जैन जी (कार्याध्यक्ष) ने मीडिया को बताया कि दूर-दराज़ से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवास, भोजन एवं आवागमन की समुचित व्यवस्थाएँ की गई हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजन के दौरान सभी यातायात एवं ट्रैफिक व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभालने का आश्वासन दिया गया है।

# बदरवास के अगरा में आयोजित हुआ विशाल हिन्दू सम्मेलन





**नवभारत न्यूज**
**बदरवास 28 दिसम्बर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के क्रम में बदरवास के अगरा मंडल केंद्र पर भव्य और विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनीष उपाध्याय मुख्य वक्ता रहे साथ ही मंच पर साधु संत महात्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बदरवास के अगरा में आयोजित भव्य और विशाल हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ गौ पूजन,भारत माता पूजन से हुआ। मंच पर हिंदू जागरण मंच मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनीष उपाध्याय, मनीराम महाराज, प्राणनाथ ज्ञानपीठ उ.प्र. के अशोक महाराज,पीतम दास महाराज,रामपुरी महाराज उपस्थित रहे। हिंदू सम्मेलन में प्राणनाथ ज्ञानपीठ के अशोक महाराज,मनीराम महाराज ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के संवर्धन पर जोर दिया। मुख्य वक्ता हिन्दू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनीष उपाध्याय ने उपस्थित विशाल जनसमूह को ओजस्वी और विचारोत्तेजक उद्बोधन से संबोधित करते हुए कहा कि आज देशविरोधी ताकतें सिर उठा रही हैं जिनको पहचानना आवश्यक है। देश को खतरा बन रही दृश्य - अदृश्य राक्षसों से सनातन और समाज को बचाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर मुंह तोड़ जवाब देना होगा। प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हिंदुओं के अस्मिता और सामाजिक चेतना का ही प्रतिफल है। देश में आज कई प्रदेश और जिले ऐसे ही हो गए हैं जहां के अराजकता और राष्ट्रविरोधी माहौल सिर उठा रहे हैं। उपाध्याय ने पंच परिवर्तन, स्वदेशी, पर्यावरण,कुटुंब प्रबोधन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति,सनातन धर्म और स्वदेशी पर हमें गर्व करना होगा। समरसता का पालन करते हुए ही हम अपने राष्ट्र को आगे ले जा सकते हैं इसलिए सब समान हैं ऐसा भाव प्रत्येक व्यक्ति के मन में जगाना होगा।

मनीष उपाध्याय ने अपने संबोधन में हिंदू समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति भारत की आत्मा है और इसके संरक्षण व संवर्धन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित होकर कार्य करना होगा। अपनी जड़ों से जुड़े रहकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। हिंदू सम्मेलन में हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों ने समापन पर भारत माता की आरती में भाग लिया और सहभोज में भोजन प्रसाद ग्रहण की। उपस्थित लोगों ने इस अवसर पर समाजहित में निरंतर ऐसे आयोजनों के माध्यम से जनजागरण का संकल्प लिया गया।

# भारत की माताएं कमजोर हुई, तो पूरा समाज कमजोर हो जाएगा-साध्वी

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 28 दिसम्बर।** नरवर तहसील के ग्राम सुनारी में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ जिसमें सैक ?ों की संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अध्यक्षता कर रहे कमलपुर मठ के महंत कैलाशपुरी जी,विशिष्ट अतिथि सुश्री नीलम भारती, मुख्य वक्ता युगल किशोर शर्मा,जिला प्रचार प्रमुख ने गौ,तुलसी एवं भारत माता पूजन के साथ किया ।

कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डॉ विनय शर्मा ने डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महंत कैलाशपुरी जी महाराज ने आशीर्वाद देते हुए हिंदू समाज की एकजुटता पर बल दिया। और कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए हम सभी को संगठित रहना अति आवश्यक है, साध्वी नीलम भारती ने अपने उद्बोधन में चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि भारत की माताएं कमजोर हुईं, तो पूरा समाज कमजोर हो जाएगा। उन्होंने गार्गी, मैत्रेयी, अहिल्याबाई और लक्ष्मीबाई जैसी महान विभूतियों का स्मरण कराते हुए कहा कि हिन्दू संस्कारों की धुरी सदैव मातृशक्ति ही रही है। मुख्य वक्ता युगल किशोर शर्मा ने कहा कि समाज में पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य) के माध्यम से ही समाज को सही दिशा दी जा सकती है। वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के संकल्पों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मंत्र दिया-मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्र समानता। और विश्वास जताया कि आज समाज में समानता का यह भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

# अरावली पर्वत बचाने के लिए ऋषिकुल ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने दिया जागरूकता संदेश




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 28 दिसम्बर।** प्रकृति और पर्यावरण के संतुलित विकास के लिए अब बच्चों के द्वारा भी जागरूकता फैलाई जा रही है। इन दिनों राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात प्रदेश के बीच अरावली पर्वत बचाने को लेकर देशव्यापी अभियान चलाया गया है। जिसमें जिला मुख्यालय शिवपुरी के नौहरी स्थित ऋषिकुल ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने पहल करते हुए अपने हाथों में अरावली पर्वत श्रृंखला बचाए रखने की अपील करते हुए हाथों में तख्तियां लेकर जागरूकता का संदेश दिया। इस पहल को बच्चों के द्वारा विद्यालय के डायरेक्टर ऋषि पाण्डे एवं संचालिक महेश-डॉ.श्रीमती सुषमा पाण्डे के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों ने यह जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान ऋषिकुल ग्लोबल स्कूल के पांचवी से आठवीं तक के बच्चों ने अरावली पर्वतमाला को बचाने के प्रयास में अपना योगदान देकर लोगों को अरावली पर्वत का महत्व समझाया जिस सरकार से अरावली को बचाने का निवेदन किया, इसी प्रोग्राम में ऋषिकुल ग्लोबल के समस्त स्टाफ भी शामिल रहा।